प्रेस विज्ञप्ति

गो.ब. पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर, जिला–ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

समेटी–उत्तराखण्ड, प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा प्रशिक्षण 'बाजार आधारित प्रसार' का सफल आयोजन

पन्तनगर। 23 अक्टूबर 2023। संस्थान द्वारा 'बाजार आधारित प्रसार' विषयक प्रशिक्षण का आयोजन अक्टूबर 19–21, 2023 तक किया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर निदेशक प्रसार शिक्षा एवं समेटी–उत्तराखण्ड, डा. जय प्रकाश जायसवाल ने प्रतिभागियों से कहा कि प्रायः कृषक विभिन्न फसल और सब्जियों के उत्पाद तैयार कर लेते हैं परन्तु समुचित विपणन के अभाव में उन्हें उचित लाभ नहीं मिल पाता है। आपने कहा कि इस प्रशिक्षण के दौरान विषय विशेषज्ञों द्वारा बताये गये विपणन सम्बन्धी तकनीक का पालन कर कृषक अपने उत्पादों का प्रभावी विपणन करते हुए अपने आर्थिकी में कई गुना बढ़ोत्तरी कर सकेंगे। आपने विशेष रूप से कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों की विशिष्ट फसलें जैसे मंडुवा, मादिरा, गहत, रामदाना, उगल, गडेरी, माल्टा, कीवी, सेब इत्यादि के विपणन हेतु ऑनलाइन प्लेटफार्म का प्रयोग करते हुए भरपूर लाभ लिया जा सकता है। डा. बी.डी. सिंह, प्राध्यापक (सस्य विज्ञान) एवं समेटी समन्वयक ने प्रशिक्षण के उद्घाटन अवसर पर निदेशक समेटी तथा उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत करने के साथ–साथ समेटी द्वारा सम्पादित किये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रम, विभिन्न प्रशिक्षणों की रूपरेखा इत्यादि के बारे में विस्तार से चर्चा किये। आपने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा बाजार आधारित प्रसार–परिचय एवं वर्तमान परिदृश्य में महत्व, बाजार सूचना तंत्र एवं उत्पाद विपणन, कृषि विपणन–समस्या एवं समाधान, कुक्कुट पालन में बाजार आधारित प्रसार का महत्व, दुग्ध उत्पादों में बाजार आधारित मूल्यवर्धन, हस्तशिल्प उत्पादों का बढ़ता बाजार, कृषि विपणन में एगमार्क एवं ई–नाम की भूमिका एवं मोटे अनाजों की वैज्ञानिक खेती इत्यादि के बारे में व्याख्यान दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद–नैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ एवं ऊधम सिंह नगर के कृषकों द्वारा भाग लिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पादन में कु. ज्योति कनवाल, यंग प्रोफेशनल–द्वितीय एवं श्री जगदीश चन्द्र बिष्ट का विशेष योगदान रहा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षार्णी को प्रमाण–पत्र प्रदान करते अतिथिगण।

निदेशक संचार